अमर उजाला
बरेली
सोमवार, 22 नवंबर 2021
मार्गशीर्ष-तृतीया
विक्रम संवत-2078

PAGE NO. 07 : BOTTOM

नृत्य नाटिका

कथक और भरतनाट्यम से किया भगवान विष्णु के अवतारों का प्रस्तुतीकरण

भगवान विष्णु के दशावतार से रुबरू हुए दर्शक

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को भगवान श्री हरि विष्णु के दशावतारों की नृत्य के जरिए आकर्षक प्रस्तुति की गई। इसमें मत्स्य से लेकर गौतम बुद्ध समेत कलियुग में अवतरित होने वाले कल्कि स्वरूप तक का प्रस्तुतीकरण किया गया। नृत्य और शास्त्रीय संगीत के अद्भुत संयोजन से की गई प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

भगवान विष्णु के प्रथम मत्स्य अवतार से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भगवान विष्णु के कूर्म अवतार, दैत्य हिरण्याक्ष से पृथ्वी को बचाने के लिए वराह अवतार, परम भक्त प्रहलाद को बचाने के लिए नरसिंह अवतार, प्रहलाद पुत्र बलि के घमंड को तोड़ने के लिए वामन अवतार, परशुराम अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अवतार, सोलह कलाओं से पूर्ण भगवान श्री कृष्ण, गौतम बुद्ध अवतार के बाद कल्कि अवतार को देवज्योति और अंबाली प्रहराज ने कथक और भरतनाट्यम के माध्यम से दर्शाया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।

रिद्धिमा में नृत्य नाटिका का मंचन करते कलाकार। संवाद

Bareilly, Monday,
22 November 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

रिद्धिमा के मंच पर दशावतार का साक्षात्कार

BAREILLY (21 Nov): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे को भगवान श्री हरि विष्णु के दशावतारों को कथक और भरतनाट्यम नृत्य कर दर्शाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के गुरुओं द्वारा शास्त्रीय संगीत पेश कर की गई. गुरुओं ने एक एक कर भगवान विष्णु के दशावतार ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया.कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा और शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे.